रॉश हशनाह

[स्रोत: पी.आई.बी]

हाल ही में **प्रधानमंत्री ने** [रॉश हशनाह] के अवसर पर [इज़राइल] के प्रधानमंत्री को बधाई दी साथ ही **यहूदी समुदाय को भी** शुभकामनाएँ दीं।

- रोश हशनाह **यहूदी नववर्ष है,** जो यहूदी धर्म में सबसे पवित्र दिनों में से एक है।
- यह यहूदी महीने तिश्री की **शुरुआत का प्रतीक है,** जो **हिब्रू कैलेंडर** के अनुसार **7वाँ महीना है।**
- यहूदी समुदाय का मानना है कि यह वह दिन है जब ईश्वर ने **आदम और हव्वा** सहित **संसार का निर्माण किया था।**
- रोश हशनाह को **योम हादिन (न्याय का दिन) के रूप में भी जाना जाता है,** जिस दिन ईश्वर **जीवन और मृत्यु की पुस्तकें खोलते हैं,** जिन्हें बाद में [योम किप्पुर] **पर सील कर दिया जाता है।**
  - योम किप्पुर का अर्थ है **"प्रायश्चित का दिन"** जिस दिन यहूदी लोग **प्रार्थना करते हैं, क्षमा मांगते हैं और एक नई शुरुआत की कामना करते हैं।**
- इस समारोह में चुनिंदा **आराधनालयों** में **शॉफर हार्न** बजाया जाता है, साथ ही जलाशय के किनारे पर सामुदायिक प्रार्थना भी की जाती है।
  - शॉफर एक प्राचीन **संगीत वाद्ययंत्र है, जो आमतौर पर मेढ़े (भेड़ की एक प्रजाति) के सींग** से बनाया जाता है, जिसका उपयोग यहूदी **धार्मिक** उद्देश्यों के लिये किया जाता था।

और पढ़ें: [हनुक्का]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rosh-hashanah